भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2113

उत्तर देने की तारीख 4 जुलाई, 2019

13 आषाढ़, 1941 (शक)

खेलों को बढ़ावा देना

2113. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य में खेलों को बढ़ावा देने हेतु महाराष्ट्र सरकार द्वारा कितने प्रस्ताव केन्द्र सरकार को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किए गए हैं;

(ख) कितने प्रस्तावों को अनुमोदन दिया गया है और कितनी निधि आवंटित और जारी की गई है; और

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा लंबित प्रस्तावों को कब तक अनुमोदन दिए जाने की संभावना है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र सरकार से खेल अवसंरचना के लिए प्राप्त प्रस्तावों की सूची और उनकी स्थिति अनुबंध में दी गई है। ''खेल'' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्रीय सरकार खेल अवसंरचना में कमियों को दूर करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है।

****

खेलों को बढ़ावा देना के संबंध में श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 04.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2113 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

अनुबंध

विगत तीन वर्षों अर्थात 2016-17 से 2018-19 के दौरान खेल अवसंरचना के लिए महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त प्रस्तावों की सूची ।

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	संस्वीकृत अनुदान (तारीख)	जारी धनराशि (तारीख)
1.	नगर परिषद, कटोल, जिला-नागपुर में तरणताल का उन्नयन।	5.00 (24.07.2018)	2.00 (24.07.2018)
2.	शिवछत्रपति क्रीडापीठ खेल परिसर, पुणे में हाकी एस्ट्रोटर्फ का उन्नयन तथा शिवछत्रपति क्रीडापीठ खेल परिसर, पुणे में शूटिंग रेंज का उन्न्यन ।	12.87 (30.11.2018)	12.87 (30.11.2018)
3.	नासिक नगर निगम में खेल अवसंरचना सुविधाओं का सृजन नामत: दर्शक दीर्घा, बास्केटबाल ग्राउंड, लॉन टेनिस कोर्ट तथा खेल अकादमियां और प्रशिक्षण केंद्र/ छात्रावास ।	6.00 (20.12.2018)	3.00 (20.12.2018)
4.	मोवाड, जिला-नागपुर, में बहु-उद्देशीय हाल का निर्माण ।	असंस्वीकृत	
5.	मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, कोल्हापुर में हाकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ बिछाना ।	असंस्वीकृत	
6.	सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर में तरणताल का निर्माण ।	असंस्वीकृत	
7.	सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर में बहु-उद्देशीय हाल का निर्माण ।	असंस्वीकृत	

****